प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

25.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार'

- वर्ष 1975 के आपातकाल के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस–शिमला सहित अन्य स्थानों पर निकाले मौन जुलूस।
- प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं और अन्य मुद्दों को लेकर वित्त आयोग के दल ने कांगड़ा व सोलन जिलों का किया दौरा।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा–जनता का ध्यान भटकाने के लिए तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं भाजपा नेता।

प्रधानमंत्री–आपातकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1975 के आपातकाल का विरोध करने वाले महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया।

इस बीच केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि 25 जून, 1975 वह दिन है, जब आपातकाल लगाने के कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने देश के लोकतंत्र के स्तंभों को हिला दिया था और संविधान को कुचलने की कोशिश की थी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में जे.पी. नड्डा ने कहा कि इस अवधि के दौरान, जो लोग आज भारतीय लोकतंत्र के संरक्षक होने का दावा करते हैं, उन्होंने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में उठने वाली आवाजों को दबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

मौन जुलूस

इधर आपातकाल के विरोध में भाजपा ने आज प्रदेश भर में मौन जुलूस निकाले। शिमला में निकाले गए मौन जुलूस में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। बाद में भाजपा ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने 25 जून 1975 को भारत का सबसे काला अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश पर आपातकाल थोप कर लोकतंत्र का गला घोंटा और भाजपा इस दिन को काले दिवस के रूप में मनाती है। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बहाल करने के लिए उस समय लोकतंत्र

प्रहरियों ने लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोकतंत्र प्रहरियों को मिलने वाली सम्मान राशि को बंद करने जा रही है।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने केन्द्रीय नेताओं से प्रदेश से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा की।

## वित्त आयोग

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने आज प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं और अन्य मुद्दों को लेकर धर्मशाला इलाके का दौरा किया। विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने उनका धर्मशाला पहुंचने पर स्वागत किया। पठानिया ने वित्त आयोग के अध्यक्ष को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी और उन्हें पर्यटन विकास की सम्भावनाओं से अवगत कराया।

इस बीच वित्त आयोग के एक दल ने आज सोलन जिले के अनेक स्थानों का दौरा भी किया। इनमें आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, मनोज पांडा, ऐनी जॉर्ज मैथ्यू और सौम्या कांति घोष शामिल रहे। आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव राहुल जैन और संयुक्त निदेशक अम्रुता भी उनके साथ मौजूद रहे। दल ने वाकनाघाट में फूड प्रौसेसिंग यूनिट का दौरा कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों में वन अधिकार अधिनियम के तहत लोगों को वन भूमि पर जल्द मालिकाना हक मिलेगा। केलंग में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद उन्होंने बताया कि ये अधिनियम जनजातीय लोगों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है और मालिकाना हक देने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस कानून के तहत लोगों को 50 बीघा जमीन का मालिकाना हक देने का प्रावधान है और लोगों का उस जमीन पर वर्ष 2005 से पहले का कब्जा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इससे पहले अधिनियम के तहत सरकारी भूमि पर बने लोगों के मकानों को नियमित किया गया है। नेगी ने अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम से जुड़े मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पूर्व भाजपा सरकार पर किसानों व बागवानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी कम करने को लेकर कोई पहल नहीं की। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के

प्रयासों से सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी की दरों को 18 से घटाकर 12 फीसदी करने में सफलता मिली है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 6 सौ 80 करोड़ रूपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तीसरे चरण के तहत राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना से रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। रोहित ठाकुर ने बताया कि बागवानी क्षेत्र के लिए राज्य सरकार ने इस वर्ष 5 सौ 31 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में डेढ़ सौ से अधिक हत्या जबकि 3 सौ अधिक दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार न्यायिक परिसरों में गोलियां चलने के मामले सामने आए हैं और राज्य सरकार इसे रोकने के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि चिट्टे सहित अन्य मादक पदार्थों के मामले भी प्रदेश में लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस सरकार इसे रोकने में नाकाम रही है। विपक्ष के नेता ने कहा कि भाजपा ने कानून व्यवस्था के गम्भीर मुद्दे को जन–जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। भाजपा के 9 विधायकों की विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने संबंधी मुख्यमंत्री के बयान पर जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है कि नारे लगाने के लिए किसी विधायक की सदस्यता रद्द की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री की कठपुतली बन गए हैं जो निंदनीय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार को भाजपा से नहीं बल्कि अपने ही विधायकों से खतरा है।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा नेताओं पर लोगों का ध्यान भटकाने के लिए तथ्यहीन बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा के उस दावे को भी खारिज किया जिसमें कहा गया है कि 13 जुलाई के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और विधानसभा उपचुनाव का परिणाम आने के बाद कांग्रेस विधायकों की संख्या बढ़कर 41 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपचुनाव क्यों हुए, इसके बारे में लोगों को सही जानकारी दी जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार द्वारा पुरानी पैंशन योजना बहाल करने और महिलाओं को 15 सौ रूपए की सम्मान राशि जारी करने जैसे एतिहासिक निर्णयों को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि भाजपा विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकाम रही है और भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन विधायकों को खरीद कर राज्यसभा सदस्य बने हैं। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि हर्ष महाजन प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कर

रहे हैं लेकिन किसी के बोलने मात्र से ही राष्ट्रपति शासन नहीं लग जाता। पंचायती राज मंत्री कहा कि कांग्रेस सरकार मजबूत है और अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान को तोड़ने व उसका मज़ाक बनाने की भाजपा की आदत बन गई है और तीन निर्दलीय विधायकों से भी भाजपा ने ही इस्तीफा दिलवाया है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि 10 जुलाई को होने वाले विधानसभा चुनावों में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। उन्होंने कैथलीघाट से ढली फोरलेन कार्य में कई अनियमितताएं बरतने का भी आरोप लगाया। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य में लगी कम्पनी ने अवैज्ञानिक तरीके से मलबा डम्प किया है जो थोड़ी सी बारिश से ही लोगों के खेतों व घरों में पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी अनियमितताओं में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लारजी डैम

लारजी जल विद्युत परियोजना प्रबंधन द्वारा गाद निकालने के लिए 30 जून को सुबह 6 बजे से पहली जुलाई को सुबह 6 बजे तक लारजी बांध के सभी गेट खोले जाएंगे। मंडी के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मदन कुमार ने लोगों से इस दौरान लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक ब्यास नदी के किनारे न जाने की अपील की है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए रहे। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा मौसम विभाग ने 28 से 30 जून तक अनेक क्षेत्रों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।